बरेली, शनिवार
13 सितंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण



# मदीहा खान अध्यक्ष व समीर हुसैन बने सचिव

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज (एसआरएमएस आइपीएस) में विद्यार्थियों के वाइब्रेंट क्लब की नई कमेटी का गठन हुआ। इसमें मदीहा खान को अध्यक्ष और समीर हुसैन को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, निर्देशक प्रशासक आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, पैरामेडिकल कालेज की प्राचार्य डा. जसप्रीत कौर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. शिवांक चौधरी ने दीप जलाकर किया। निवर्तमान अध्यक्ष गौरव कार्की ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। उन्होंने मदीहा खान को नई कमेटी के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।